तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 29. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 19 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर कामरेड संगठन ने सौंपा मांग पत्र
4




## खबर संक्षेप

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम -व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे द्वारा जिले के राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले के वेयरहाउस में 1646 नग बैलेट यूनिट, 864 नग कन्ट्रोल यूनिट एवं 1375 नग व्हीव्हीपीएटी मशीन सुरक्षित रखी गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड अनुरूप ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीनो के रख-रखाव करने हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती स्निग्धा तिवारी, निर्वाचन पर्यवेक्षक राकेश प्रधान, अमित केंवट, आशुतोष गोपाल, जगमोहन पाटले, राजकुमार ताम्रकार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### संस्कार भारती का हिन्दू नववर्ष मिलन का आयोजन आज

**बिर्रा।** संस्कार भारती जिला इकाई सक्ति के द्वारा हिन्दू नव वर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च गुरुवार को सुबह 11 बजे से देव पब्लिक स्कूल बिर्रा में रखा गया है । जिसमें अतिथि के रूप रितेश रमण सिंह जनपद सदस्य,एकादशियाँ साहू सरपंच प्रतिनिधि बिर्रा,डॉ. शुभम शुक्ला संचालक शुक्ला हॉस्पिटल बिर्रा,दिनेश चंद्रा संचालक डीपीएस स्कूल बिर्रा, मणिलाल कश्यप वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सामाजिक कार्यकर्ता के आतिथ्य में सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम में गायन एवं वादन और नृत्य की प्रस्तुति भी होगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए के ऑर कश्यप जिलाध्यक्ष, आर.के सोनवानी कार्यकारी अध्यक्ष, एन ऑर भारद्वाज उपाध्यक्ष, मनोज तिवारी महामंत्री, जयंत कुमार कश्यप सह महामंत्री , चंदन लाल कश्यप जिला मंत्री और प्रवीण कुमार तिवारी आदि कार्यकर्ताओं के द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### मोतियाबिंद मरीजों का किया जाएगा निःशुल्क ऑपरेशन , कल तक पंजीयन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य के मोतियाबिंद से पीड़ति वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क सर्जरी राष्ट्रीय आयुष्मान संस्थान (एम्स) रायपुर में निःशुल्क कराया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा उक्त शिविर में जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एम्स रायपुर ले जाने और वापस लाने की निःशुल्क आवागमन व्यवस्था की गई है। जिले के ऐसे वरिष्ठ नागरिक जो मोतियाबिंद से पीड़ित हैं, वे इस शिविर में शामिल होकर निःशुल्क सर्जरी करा सकते हैं।

### हिन्दुनव सवंतसर नववर्ष का शुभ आगमन आज

**जांजगीर-चांपा।** हिदु नव वर्ष विक्रम संवतसर पर भुवन भास्कर सुर्यदेव आभा बिखेरते हुए सुर्य उदय होगा। पंकिरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पुजारी जांजगीर ने जानकारी दी की इावर्ष विक्रम संवत 2083 रौद्र नाम संवतसर का आगमन चौत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रतिप्रदा आज से होगा। इसी दिवस से नवरात्र प्रारंभ होगा जो 19 मार्च से 27 मार्च रामनवमी तक माता रानी जगतजननी की इस अवसर पर सेवा पूजन की जाएगी। हिन्दु नव विक्रम संवतसर के पावन अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में हनुमान की महा आरती 7 बजे आतिशबाजी के साथ की जाएगी हनुमत भक्तजनों के द्वारा रामचरितमानस गायन 8बजे से किया जाएगा। ग्राम नैला सिवनी में नवरात्रि के प्रथम दिवस सती दाई मंदिर में सुबह 10 बजे महाआरती पाण्डेय परिवार की ओर से किया जाएगा।

### सामने आई स्कूल प्रबंधन की लापरवाही

# छुट्टी पर था ड्राइवर, स्कूल संचालक ने चलाई वेन, ट्रेक्टर से हुई भिड़ंत, 10 बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्कूली इक्को वेन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में 10 बच्चे सहित एक शिक्षिका और ड्राइविंग कर रहे स्कूल संचालक घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायल बच्चों को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है, जहां बच्चो को प्राथमिक उपचार के बाद ऑब्जर्वेशन मे रखा गया है।

नवागढ़ विकासखंड के ग्राम कुथुर में संचालिय सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल में इन दिनों वार्षिक परीक्षा चल रही है। बच्चों को लाने और ले जाने के लिए स्कूली वेन की सुविधा दी गई है। बुधवार 18 मार्च को ड्राइवर ने छुट्टी ले ली। ऐसे में स्कूल के संचालक व प्राचार्य बीपी शर्मा ही मुड़पार गांव के बच्चो को लेने खुद ड्राइविंग करते हुए चले गए। बच्चो को एकत्र कर इक्को वेन से कुथुर स्कूल आ रहे थे। वेन में 10 बच्चों के आलावा एक शिक्षिका भी सवार थी। रास्ते में अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया और वेन सड़क किनारे खड़े ट्रेक्टर से जा टकराई। हादसा इतना भयंकर था कि बच्चो से भरी वेन सड़क मे पलट गई और वेन मे सवार बच्चो को गंभीर चोट आई। आपपास ने ग्रामीणों ने मदद की और बच्चों को वेन से बाहर निकाला। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। वेन ड्राइविंग कर रहे प्राचार्य बीपी शर्मा ने बताया कि स्कूल मे परीक्षा के कारण बच्चो को लाना जरुरी था। वेन चालक के छुट्टी मे होने के कारण खुद ड्राइविंग करते हुए मुड़पार गांव गए और नर्सरी से लेकर छठवीं तक के 10 बच्चो के साथ मेडम को लेकर आ रहे थे, तभी आंख के सामने अंधेरा छा गया और हादसा हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने पर नवागढ़ ब्लाक शिक्षा अधिकारी अशोक पाटले भी अस्पताल पहुचे और बच्चों की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। बहरहाल इस हादसे ने शिक्षा विभाग और परिवहन विभाग के सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है।



ट्रैक्टर से टक्कर के बाद पलटी स्कूल वैन।

#### रखा गया ऑब्जर्वेशन में

घायल बच्चो को जिला अस्पताल ने उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद 9 बच्चो को ऑब्जर्वेशन में रखा है। स्कूली छात्र आरुषि बरेठ, अंकुश बरेठ, लक्ष्य खरे, रोशन पटेल, यश पटेल, गुलशन पटेल, ईशा साहू, प्रभाष बरेठ को ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। सभी बच्चों की उम्र 5 साल से 13 साल के बीच की है। वहीं एक छात्र को पामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एस कुजूर ने बताया कि बच्चों की स्थिति सामान्य है।

#### कराई जाएगी जांच

वेन में 8 सवारी बैठाने की क्षमता है। क्षमता से अधिक सवारी बैठाना नियम विरुद्ध है। स्कूल के संचालक खुद ही वाहन चला रहे थे। मामले की जांच कराई जाएगी। प्रयास किया जाएगा कि आगे ऐसी घटना की पुनरावृति न हो।

-अशोक पाटले,
बीईओ, नवागढ़

# पांच किलो गांजा के साथ पुलिस ने आरोपी को धर-दबोचा

### मामले में चार को किया जा चुका है गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पुलिस ने गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से पांच किलो गांजा जब्त किया गया है। कार्रवाई में अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन अकलतरा के पास दो व्यक्ति गांजा लेकर खड़े हैं। सूचना पर थाना अकलतरा पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर रेड कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कुल 5 किलो 161 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 2 लाख 58 हजार रुपये आंकी गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा से लाया जाता है। इसके बाद पुलिस ने एंड-टू-एंड विवेचना करते हुए ओडिशा के हिमगिर क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी शाहिद खान उर्फ गुलाप खान को गिरफ्तार किया। शाहिद खान से पूछताछ में खुलासा हुआ कि गांजा मंगाने का काम सारागांव निवासी भास्कर राठौर करता था। इसके आधार पर पुलिस ने सारागांव में छापेमारी कर मुख्य आरोपी भास्कर राठौर (54 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके पास से 120 ग्राम गांजा पुड़िया एवं 1050 रुपये नगद भी बरामद किए गए। भास्कर राठौर पहले भी गांजा और शराब के मामलों में जेल जा चुका है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ओडिशा से गांजा मंगवाकर कम उम्र के बच्चों के माध्यम से इसकी सप्लाई करता था। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा, एसआई बी.एल. कोसरिया, गौकरण राय एवं भूषण राठौर का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## जेसीबी से तोड़ दी तालाब की पार, उपाध्यक्ष समेत पार्षदों ने की शिकायत

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा नगर के वार्ड क्रमांक 19 स्थित शासकीय गोपिया तालाब को बिना अनुमति जेसीबी मशीन से तोड़कर पानी की अवैध निकासी करने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा सहित अन्य पार्षदों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा ने बताया कि 16 मार्च की रात कुछ लोगों द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से तालाब को तोड़कर पानी बहाने का प्रयास किया जा रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित वार्ड के पार्षद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद तत्काल हस्तक्षेप कर पानी की निकासी को रोका गया। उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले 26 जनवरी को भी तालाब को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया था। उस समय नगर पालिका और पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन इसके बावजूद दोबारा ऐसी घटना होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। ज्ञापन सौंपने वालों में पार्षद सुभद्रा साहू ,सुनीता सिंह, राजकुमार अग्रवाल, मुरलीधर मिश्रा, सुरेश सुरेश मिर्चनय, विजय खांडेल, कमलेश वैष्णव, राजकुमार सिंह और संतन सिन्हा भी उपस्थित रहे।

## रेलवे अंडरब्रिज के नीचे तेज रफ्तार हाइवा ने ली युवक की जान, चालक फरार



मौके पर लगी लोगों की भीड

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

■ सिटी कोतवाली क्षेत्र के बिरगहनी चौक की धटना

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला बिरगहनी चौक के आगे रेलवे अंडरब्रिज के नीचे का है, जहां एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही जांजगीर सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है। मृतक की पहचान देवरहा निवासी रवि केवट पिता शांतिलाल केवट, उम्र 32 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना के संबंध में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोगों ने तेज रफ्तार भारी वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

### अतिक्रमण कर सरपंच ने बनाया मकान, ग्रामीणों ने की शिकायत

**जैजैपुर।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गुडरूकला के सरपंच_वारा गांव में अतिक्रमण कर भवन निर्माण का कार्य किया गया है। जिसके चलते ग्रामीणों ने उन्हें धारा 40 के तहत सरपंच पद से पृथक करने की मांग की है। वही ग्रामीणो ने यह भी कहा कि सरपंच अपने अब तक के कार्य काल में शासन द्वारा ग्राम विकास के मद में आबंटित 15 वित्त की राशि सहित अन्य मद की राशि का कार्य होना बताकर फर्जी बिल के जरिए लाखों रुपए का गबन किया है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की जांच टीम बनाकर मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। इस संबंध में सीईओ तजेश्वर यादव का कहना है कि आरोप शिकायत की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी दोष सिद्ध होने पर कार्यवाही की जायेगी। उसकी जांच राजस्व विभाग से कराई जाएगी।

## गैस रिफलिंग कराने उपभोक्ता सुबह से लगा रहे एजेंसी का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

घरेलु गैस उपभोक्ताओं की परेशानी इन दिनों बढ़ गई है। उन्हें गैस रिफलिंग कराने एजेंसी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि एजेंसी में तीन दिनों से गैस सिलेंडर नहीं है।

ज्ञात हो कि नगर में इन दिनों गैस सिलेंडर की भारी किल्लत हो रही है। सिलेंडर के लिए उपभोक्ता सुबह होते ही एजेंसी में पहुंचते है, जहां कुछ ही देर में उनकी भीड़ लग जाती है। इस दौरान एक तो बुकिंग के लिए ओटीपी का चक्कर और ऊपर से संचालक के मनमाने बर्ताव ने आम लोगों की परेशानी और भी बढ़ा दी है। संचालक द्वारा नियम कानून का हवाला देकर पहले तो उपभोक्ताओं को चलता करने की कोशिश की जाती है। इसके बाद सबकुछ होने पर सिलेंडर की कमी बता दी जाती है। स्थिति यह है कि नगर में इन दिनों होम डिलवरी की सुविधा भी अघोषित रूप से बंद हो गई है। जिससे ना केवल शहर के उपभोक्ता बल्कि आसपास के उपभोक्ता भी परेशान है। इसके अलावा फोन पर भी बुकिंग भी नहीं हो पा रही है। गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ लग रही है और बुकिंग सिस्टम से भी लोग परेशान हो रहे है। लोग सिलिंडर लेने के लिए गैस एजेंसी के चक्कर लगा रहे हैं। लाइन में खड़े उपभोक्ताओं ने कहा कि सिलेंडर के लिए मारामारी हो गई है। तीन चार दिनों से वे चक्कर लगा रहे है। सिलेंडर के लिए काम धंधा छोड़ कर लाइन में लगे हैं। एक सिलेंडर के लिए पूरे दिन का नुकसान हो रहा है।




गैस रिफलिंग के लिए लाइन में लगे उपभोक्ता।

## शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शराब पीने के लिए पैसे की मांगकर मारपीट कर चोट पहुचाने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोंच का है।

प्रार्थी सुभाष दास निवासी पोंच थाना बलौदा ने 16 मार्च की रात्रि करीबन 09;30 बजे प्रार्थी अपने घर में था तभी प्रार्थी के घर के सामने आरोपी वेद प्रकाश द्वारा आवाज देकर बुलाया और शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। उसे गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा, लडाई का आवाज सुनकर प्रार्थी के पिता एवं भाई व दादाजी तीनों बीच बचाव करने आए तो आरोपी वेद प्रकाश ने अपने पिता भानुदास, भाई विकास दास को आवाज देकर बुलाया और उन लोगों मारपीट करने लगे । थाना बलौदा मे धारा 119 (1), 296, 351(3), 115(2), 3(5), 118(1), बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने भानु दास वैष्णव उम्र 55 वर्ष, विकास कुमार वैष्णव उम्र 24 वर्ष एवं वेद प्रकाश ऊर्फ शनी वैष्णव उम्र 26 वर्ष सभी निवासी पोंच थाना बलौदा को पकड़ा गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मनोहर सिन्हा, कौशल सिदार, गजाधर पाटनवार रज्जू रात्रे, संतोष रात्रे, टिकेश्वर राठौर, रोहित साहू, प्रहलाद निर्मलकर, संदीप सोनंत, महिला आरक्षक चन्द्रप्रभा शांतेय का योगदान रहा।

### चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, महामाया, मनकादाई, अन्नधरी में उमड़ेगी भीड़

# चैत्र नवरात्रि पर्व आज से, जिले के देवी मंदिरों में जगमगाएंगे आस्था के दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चैत्र नवरात्र के लिए देवी मंदिरों में आस्था के दीप गुरूवार से जगमाएंगे। मां चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, महामाया, मनकादाई, अन्नधरी, सरई श्रृंगार सहित अन्य देवी मंदिरों में पूरे 9 दिनों तक श्रद्धालुओं की भीड उमडेगी। शहर सहित जिले का माहौल आज से ही भक्तिमय हो गया है। देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र की तैयारी पूरी हो चुकी है।

गुरूवार 19 मार्च से शुरु हो रहे चैत्र नवरात्र के लिए मंदिरों में रंग-रोगन कर सजाया गया है। कई मंदिरों में आकर्षक लाइट व झालर भी लगाए गए है जिससे मंदिरों की अनोखी छटा बिखर रही है। कई मंदिर व घरों में जवारा बोया जाएगा। बासंती नवरात्रि पर ही जिले के देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इन दोनों अवसरों पर श्रद्धालु मां दुर्गा के विभिन्न रूपों काली, चंडी, शारदा, सम्लेश्वरी, बम्लेश्वरी, अन्नपूर्णा, मनका दाई आदि की आराधना करते हैं। नवरात्रि को लेकर जिला मुख्यालय के शारदा मंदिर, देवीदाई मंदिर पुरानी बस्ती, समलाई मंदिर चांपा, मां मनका मंदिर खोखरा, चंद्रपुर स्थित मां चंद्रहासिनी मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर शिवरीनारायण, हरदी महामाया एवं अष्टभुजी मंदिर अड़भार, चण्डी मंदिर केरा में तैयारी पूरी हो गई हैं। प्रसिद्ध चंद्रहासिनी मंदिर , मनकादाई मंदिर खोखरा में ज्योति कलश जलाने की तैयारी पूरी हो गई है।



#### चांपा के देवी मंदिरों में ज्योति कलश होंगे प्रज्जवलित

चांपा। कोसा, कांसा एवं कंचन के लिए सुप्रसिद्ध चांपा नगर अपने देवी मंदिरों के लिए भी अंचल में सुविख्यात है। नगर में गुरूवार 19 मार्च से आदिशक्ति माता भवानी की पूजा - आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्रि शुरू हो रहा है। रविवार को सभी मंदिरों में घट स्थापना के साथ श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये जाएंगे। नगर के हृदयस्थल देवांगन पारा स्थित नगर की कुलदेवी मां सम्लेश्वरी मंदिर, पुराना कॉलेज रोड स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, हटरी बाजार स्थित भकलू बाबा के मां दुर्गा मंदिर, देवांगन पारा स्थित मां संतोषी मंदिर, इमलीघाट स्थित माता शीतला मंदिर तथा रामबांधा तालाब के दक्षिणी छोर पर स्थित मां महामाया - सम्लेश्वरी मंदिर में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार को शुभ मुहुर्त में सभी मंदिरों में घट स्थापना के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये जायेंगे।

## 28 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ महिला सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना अकलतरा पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 28 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी दुर्गेश कुमार देवांगन 34 वर्ष, निवासी धनवारपारा बम्हनीन, थाना अकलतरा के कब्जे से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा महिला आरोपी कौशिल्या तेंदुलकर 40 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 16 नायकटांड़, अकलतरा के कब्जे से 22 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद की। जब्त शराब की कुल कीमत लगभग 5600 रुपये बताई गई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। कार्रवाई में निरीक्षक भास्कर शर्मा, एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर एवं आरक्षक राजू भारद्वाज का योगदान रहा।



## क्राइम की खबरें



### डेढ़ दशक पुरानी सड़क के जीर्णोद्धार कार्य का भूमिपूजन

**कोरबा।** जिले के अंतिम छोर में बसे ग्राम पंचायत डोकरमना के आश्रित ग्राम कुदारी चिगार की जनसंख्या लगभग 500 है। पिछले बार वर्ष 2008 में सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हुआ था सड़क पुरानी होने के बाद आज तक सड़क का मजबूतीकरण एवं सुदृढ़ीकरण नही हुआ था। जिससे उस सड़क पर आवागमन में काफी परेशानियां का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा था। 16 मार्च को जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रेणुका राठिया की अगुवाई में सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। श्रीमती राठिया ने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में पहली प्राथमिकता अंतिम छोर तक विकास को पहुंचाना है हमारे रामपुर विधानसभा के अंतिम गांव डोकरमना तक विकास पहुंचना बहुत बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती कौशल्या कन्वर, सरपंच श्रीमती अनीता मंझवार, उप सरपंच मोतिया राजवाड़े, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरि शंकर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती कुंती चंद्रा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष राम प्रसाद उइके सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रगतिशील मत्स्य कृषकों का अध्ययन भ्रमण सफल, कलेक्टर से की मुलाकात



**कोरबा।** मछली पालन विभाग द्वारा जिले के प्रगतिशील मत्स्य कृषकों को राज्य के बाहर अध्ययन भ्रमण पर भेजा गया था। हितग्राही किसान भुवनेश्वर तथा कौशल्या गंगा में स्थित प्रशिक्षण केंद्रों में पहुँचे, जहाँ उन्होंने उन्नत एवं वैज्ञानिक मछली पालन तकनीकों की जानकारी हासिल की। भ्रमण से लौटने के बाद आज कृषकों ने कलेक्टर कुणाल दुदावत से मुलाकात की। कलेक्टर ने किसानों से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई विधियों पर चर्चा की और कहा कि आधुनिक तकनीकों को अपनाकर न केवल उत्पादन बढ़ाया जा सकता है, बल्कि आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने किसानों को प्राप्त ज्ञान के आधार पर प्रभावी कार्य-योजना बनाकर जिले में मछली पालन को और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए तथा उन्हें शुभकामनाएँ भी दीं। इस अवसर पर मत्स्य विभाग के सहायक संचालक क्रांति कुमार बघेल भी उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत पुलिस कर्मी को श्रीफल साल से किया गया सम्मानित



**हरदीबाजार।** हरदी बाजार पुलिस थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना के मार्गदर्शन में पुलिस विभाग द्वारा सेवानिवृत के उपलक्ष्य में पुलिस विभाग ने सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले पूर्व सेवानिवृत पुलिस कर्मी सहायक उप निरीक्षक सुमरन सिंह पैकरा को श्रीफल एवं साल देकर उनके स्वास्थ्य व सुखमय जीवन जीने की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम में एएसआई कृपा शंकर दुबे, सहित स्टॉप उपस्थित थे।

### संयुक्त कोयला मजदूर संघ का होली मिलन समारोह



**कोरबा।** कोयला मजदूर संघ (एटक) द्वारा 16 मार्च को आयोजित होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम कामरेड परमहंस सिंह कार्यालय में आयोजित हुआ जिसमें संयुक्त कोयला मजदुर संघ (एटक) के कम्पनी सेफ्टी बोर्ड मेंबर कामरेड धर्मा राव की उपस्थिति रही जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में हर्ष की बात रही कि संयुक्त कोयला मजदुर संघ (एटक) कि रीति - नीति से प्रेरित होकर इंटक के एरिया यूनिट के अध्यक्ष श्याम सुंदर अपने 50 साथियों के साथ एटक में प्रवेश किए। इसमें अशोक कुमार, अभय कुमार, गौरव गौतम, रामधन, धर्मेन्द्र रजक, रंजीत, शिवनारायण,सूबे संकर मिंज, मनबोध,जीवन, बिरजू, महेन्द्र, गिरीश तिवारी, गणेश्वर दास, सूरज बैगा, सनी पाक, अनिकेत, रोहित सोनी, विजय कुमार साहू, विनोद कुमार पाण्डेय, शिव कुमार, दीपक रजवाड़े, अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य सहयोगी शामिल हैं। कार्यक्रम में संयुक्त कोयला मजदुर संघ (एटक) के क्षेत्रीय सचिव कामरेड अजीत कुमार सिंह, जेसीसी सदस्य कामरेड मुकेश कुमार, वेलफेयर के सदस्य कामरेड कुरू राम ,कामरेड मयंक, क्षेत्रीय सेफ्टी बोर्ड मेंबर कामरेड के के गभेल , एरिया यूनिट के अध्यक्ष कामरेड अश्विनी, परियोजना के सचिव कामरेड सौरभ पटेल, कोषाध्यक्ष कामरेड अलख राम साहू , क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कामरेड छत्रपाल पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शासकीय कालेजों में उधार के फर्नीचर से चल रहा है काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

उच्च शिक्षा विस्तार योजना अंतर्गत उपनगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में शुरु किए गए कालेजों में फर्नीचर की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्कूल के फर्नीचरों का उपयोग प्रबंधन को करना पड़ रहा है। मांग पत्र भेजे जाने के बाद भी प्रबंधन को फर्नीचर व अन्य सुविधाओं के लिए मोहताज होना पड़ रहा है।

जिले में ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्रों को महाविद्यालयीन शिक्षा सुविधा देने के लिए कालेज शुरु तो किए गए लेकिन अधोसंरचना सहित अन्य व्यवहारिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पायी हैं। स्कूल के बिल्डिंग में चलने वाले महाविद्यालयों की स्थिति और भी चिंताजनक है। यहां तो कालेज प्रबंधन स्कूल बिल्डिंग का उपयोग कर ही रहा है। फर्नीचर के लिए भी उसे स्कूल के लिए निर्भर होना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति बांकीमोंगरा महाविद्यालय की है। जहां छात्रों की संख्या सर्वाधिक है। बांकीमोंगरा क्षेत्र में महाविद्यालय नहीं होने से यहां के 15 से 20 गांव के छात्रों को हरदीबाजार या कटघोरा जाना पड़ता था। सरकार ने महाविद्यालय तो शुरु कर दिए हैं लेकिन अधोसंरचना के विकास पर कार्ययोजना नहीं बनने से इसका परिणाम प्रबंधन और महाविद्यालयीन छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। मजबूरी में समीप के शासकीय कालेजों में परीक्षा केंद्र दिया जा रहा है। जिन स्थानों में महाविद्यालय शुरु किया गया है उनमें केवल बांकीमोंगरा कालेज को ही परीक्षा केंद्र की सुविधा मिली है।

## परीक्षा के दौरान स्कूल के फर्नीचर का हो रहा उपयोग

**खास बातें**

- मांग पत्र के बाद भी प्रबंधन को नहीं मिल रही सुविधाएं
- 5 साल बाद भी उपलब्ध नहीं हो सके संसाधन



### बदले गए हैं परीक्षा केंद्र

उमरेली सहित रामपुर में महाविद्यालय की शुरुआत तो की गई है किंतु ना तो भवन है और ना ही फर्नीचर। मूलभूत सुविधाओं को मोहताज इन कालेजों के छात्रों का परीक्षा केंद्र भी दूसरे कालेजों में दिया गया है। करतला शासकीय महाविद्यालय में ही रामपुर के कालेज को परीक्षा केंद्र आबंटित किया गया। उमरेली कालेज का परीक्षा केंद्र बरपाली को बनाया गया है। इस समय बरपाली महाविद्यालय में तीन कालेजों की परीक्षाएं चल रही हैं। जिसमें स्वयं बरपाली महाविद्यालय की परीक्षाएं एवं आदर्श महाविद्यालय की परीक्षाएं व उमरेली महाविद्यालय की परीक्षाएं। जहां सुविधाओं का संकट बना हुआ है।

## सामान्य महुआ फूल की प्रति किलो 30 रुपए की दर से होगी खरीदी

# जिले के जंगल में महुआ फूल की भरमार इस साल भी विदेशों से नहीं आई डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में बड़े पैमाने पर महुआ पेड़ों की भरमार है। हर साल आदिवासी परिवारों द्वारा महुआ फूल का का संग्रहण किया जाता है लेकिन इस साल वन विभाग को फूड ग्रेड महुआ संग्रहण करने का लक्ष्य नहीं मिला है बल्कि सामान्य महुआ खरीदी वन विभाग प्रति 30 किलो की दर से खरीदी करेगा जिसके लिए जंगल में आदिवासी परिवारों के द्वारा महुआ फूल का संग्रहण शुरु कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा व कटघोरा वन मंडल में हर साल बड़े पैमाने पर महुआ फूल का संग्रहण किया जाता है और जंगल में कई ऐसे स्थान है जहां बेहतर क्वालिटी के महुआ फूल पाए जाते हैं। यही वजह है कि यहां के फूल की खरीदी विदेशों में भी होती है। महुआ फूल का संग्रहण आदिवासी परिवारों द्वारा भी किया जाता है। कोरबा व कटघोरा वन मंडल के महुआ फूल का संग्रहण फुड ग्रेड के लिए किया जाता था और उसकी विदेश में भी डिमांड होती थी लेकिन पिछले दो वर्षों से फुड ग्रेड महुआ फूल की डिमांड नहीं आ रही है जिसके चलते वह विभाग द्वारा फूड ग्रेड महुआ का संग्रहण नहीं किया जा रहा है। इस साल भी डिमांड नहीं होने की वजह से फूड ग्रेड महुआ का संग्रहण नहीं किया जाएगा। बल्कि सामान्य महुआ फूल का संग्रहण किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग में सभी वनांचल क्षेत्र में बसने वाले आदिवासी परिवारों के लिए निर्देश जारी कर दिया है। सभी वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों द्वारा महुआ फूल का संग्रहण भी शुरू कर दिया गया है। इस साल कघोरा वन मंडल को 2 हजार किलो महुआ फूल का संग्रहण की खरीदी की किया जाना है जिसमें प्रति 30 रुपए प्रति किलो की दर से खरीदी की जाएगी।

**खास बात**

- जिले के कोरबा और कटघोरा वन मंडल में फूड ग्रेड महुआ फूल का नहीं हो रहा संग्रहण



### फूड ग्रेड की नहीं है डिमांड

फूड ग्रेड महुआ फूल की डिमांड नहीं आयी है, इसलिए इस साल सामान्य महुआ फूल की खरीदी की जाएगी। कटघोरा वन मंडल को 2 हजार किलो महुआ फूल संग्रहण करने का लक्ष्य मिला है। प्रति 30 रुपए किलो की दर से महुआ फूल की खरीदी की जाएगी।

-**कुमार निशांत,** वनमंडलाधिकारी कटघोरा

### महुआ का इस्तेमाल अब पौष्टिक पदार्थों के लिए

कोरबा वन मंडल के गांव बड़मार में 550 वृक्ष के नीचे जाल लगाकर महुआ का संग्रहण किया गया था। यह महुआ साधारण महुआ से काफी बेहतर क्वालिटी का होता है। चूंकि यह जमीन पर गिरने के बजाय जाल पर ही गिरता है। जिसके कारण यह महुआ जमीन पर गिरकर बिखरता या टूटता नहीं है और ना ही इनमें कीड़े लगते हैं. इसलिए फूड ग्रेड महुआ की मांग विदेशों में भी होती थी लेकिन पिछले दो सालों से न जाने क्यों फूड ग्रेड महुआ की डिमांड नहीं आ रही है जिससे किसानों को भी भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। महुआ का नाम अब तक कच्ची शराब के लिए ही सामने आता रहा है। महुआ को शराब के लिए ही पहचाना जाता था, लेकिन अब इसमें से बेहद पौष्टिक पदार्थ जैसे लड्डू, जूस, बिस्किट, चॉकलेट, आचार और जैम भी बनाए जा रहे हैं। इन सभी उत्पादों के लिए महुआ बेहद उपयुक्त और गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ है।

# अधिवक्ता से दिन दहाड़े 2 लाख रुपए की उठाईगिरी




वह बैंक जिसके बाहर हुई घटना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में दिनदहाड़े हुई उठाईगिरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बैंक ऑफ बड़ौदा से पैसे निकालकर निकले एक अधिवक्ता व व्यवसायी को चोरों ने बड़ी चालाकी से अपना शिकार बना लिया और कुछ ही सेकंड में 2 लाख रुपये लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता एवं व्यवसायी सुरेश शर्मा बैंक से नकदी निकालने के बाद अपनी गाड़ी की डिक्की में पैसों से भरा बैग रखकर वाहन में बैठे थे। इसी दौरान वे किसी व्यक्ति से बातचीत में व्यस्त हो गए। मौके का फायदा उठाते हुए बाइक सवार बदमाशों ने गाड़ी की डिक्की से बैग पार कर दिया। जब तक सुरेश को भनक लगती तब तक चोर वहां से रफ्फूचक्कर हो गए थे। इसके बाद सुरेश शर्मा ने तत्काल कटघोरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया।

फुटेज में एक संदिग्ध युवक नजर आया है, जिसने चेहरे पर रुमाल बांध रखा है और सिर पर टोपी पहनी हुई है। जिसने बड़ी चालाकी से गाड़ी के डिक्की से पैसा से भरा बैग को निकालता है और अपने साथी के साथ बाइक में बैठकर कटघोरा बस स्टैंड की ओर भाग गये। कटघोरा थाना प्रभारी ने मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतातलाश की जा रही है।

**खास बात**

- सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई आरोपियों की हरकत, जांच में जुटी पुलिस

## लावारिस इनोवा कार में लगी आग मालिक की तलाश में जुटी पुलिस



धूं धूंकर जलती कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुराना फायर स्टेशन के समीप पिछले कई दिनों से एक इनोवा कार खड़ी हुई थी। बीती रात इनोवा कार में अचानक आग लग गई और देखते-देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और इनोवा कार धूंधूं कर जलने लगी। देर रात को हुई इस हादसे के बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड व पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और जब तक आग को बुझाया जाता तब तक इनोवा कार बुरी तरह से जल चुकी थी। घटना के संबंध में सीएसईबी चौकी प्रभारी ने बताया कि इनोवा कार किसकी है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और गाड़ी मालिक की तलाश भी की जा रही है। बताया जाता है कि इनोवा कर जहां खड़ी थी वहां ऊपर से हाई टेंशन तार गुजरी हुई है। संभवतः जतायी जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आगजनी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

## बोलेरो को 80 लीटर डीजल के साथ सीआईएसएफ ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गेवरा खदान से डीजल चोरी कर भाग रहे एक बोलेरो वाहन को सीआईएसएफ की टीम ने जब्त किया है और पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। संदिग्ध वाहन जूनाडीह रेलवे साइडिंग की ओर भागने लगा, जिसके बाद सीआईएसफ सुरक्षा बलों ने पीछा करते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। वाहन से कुछ लोग मौके से भाग निकले, जबकि एक युवक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा 22 वर्ष निवासी रेलवे फाटक के पास कुसमुंडा बताया। तलाशी के दौरान बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीयू 6589 से चार जरीकेन में करीब 80 लीटर डीजल और डीजल निकालने वाला पाइप बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर एसईसीएल गेवरा खदान के प्रतिबंधित क्षेत्र में घुसकर खड़े डंपर से डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की है। सीआईएसफ ने पकड़े गए आरोपी, बोलेरो वाहन तथा बरामद डीजल को दीपका पुलिस को सौंप दिया गया है। मामले में दीपका पुलिस जांच कर रही है। गश्त के दौरान सीआईएसएफ की क्यूआरटी टीम को एक संदिग्ध बोलेरो वाहन दिखाई दिया। टीम द्वारा वाहन का पीछा किया गया और सुरक्षा चौक के पास उसे रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने वाहन को स्पीड बढ़ाकर मौके से भागने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को नुकसान पहुंचाने की भी कोशिश की गई।

## पड़ोसी जिले से पहुंचा था नशीली दवा खपाने, पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली पुलिस की टीम ने नशे का अवैध कारोबार करने वाले एक युवक को धरदबोचा है जो पड़ोसी जिला जांजगीर चांपा से नशीली कैप्सूल खपाने के लिए आया हुआ था। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।



आरोपी

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा जिला में अवैध रूप से नशीली दवाईयो व मादक पदार्थ गांजा एवं अवैध धंधा करने वालो के उपर शिकंजा कसने के लिए थाना चौकी प्रभारियों निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अपने स्कूटी में नशीली दवा लेकर जा रहा है सूचना पर थाना प्रभारी एमबी पटेल के नेतृत्व में टीम गठित कर पवन टाकिज रेल्वे पाटक के सामने में पुलिस पार्टी द्वारा घेरा बंदी कर विरेन्द्र सोनी पिता चैत्तराम सोनी उम्र 39 साल पता बोडसरा थाना नैला जिला जांजगीर चांपा के कब्जे मे रखे स्कुटी जुपिटर क्रमाक सीजी 13 एपी 1131 के डिक्की के अंदर तलाशी लिया गया जिसमें एक बैगनी रंग के फाईल रखने वाले बैग में जिसमे सफेद रंग का चैन लगा हुआ अग्रेजी में वीएवाईए लिखा हुआ मिला जिसका चैन खोलने पर बैग के अंदर नशीली कैप्सूल 216 नग मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, 216 नग नशीली कैप्सूल जब्त

### सर्वमंगला पुल पर युवक ने लगाई फांसी

**कोरबा।** कोरबा से कुसमुंडा जाने वाले मार्ग पर हसदेव नदी के ऊपर निर्मित रेलवे के सेकंड नंबर पुल के गार्टर से लटक कर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास मानिकपुरी पिता सहदेव मानिकपुरी ने पुल के निचले हिस्से में जाकर चुनरी के सहारे इस घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलते ही सहायता केंद्र प्रभारी सउनि विभव तिवारी मातहतों के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से युवक का शव फंदे से नीचे उतारा गया और शव को वैधानिक कार्यवाही उपरांत शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। प्रारंभिक जांच में जो बात सामने आयी है उसमें युवक बेरोजगार था पिछले लंबे समय से काम नहीं मिल पाया था संभवतः इसी के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है।

**ईस्तहार**
(सप्ताहिक बाजार)

ग्रा.पं.कार्यालय डोंगाकोहारौद दिनांक 15/03/2026

एतद द्वारा सर्वसाधारण जन को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद सिमांतर्गत स्थित साप्ताहिक शुक्रवार बाजार बैठकी वसूली तथा अस्थाई दखल शुल्क वसूली को वित्तीय वर्ष 2026 / (13अप्रैल 2026 से 31मार्च 2027तक की अवधि) हेतु ठेके पर दिये जाने बाबत सार्वजनिक नीलामी दिनांक 23/03/2026को सुबह 11.00बजे से अपरान्ह 3.00बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय समरसत्ता भवन डोंगाकोहारौद में संपन्न की जावेंगी।

अत: इच्छुक व्यक्ति निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर एवं निर्धारित अमानत राशि जमा करने एवं ग्राम पंचायत का बकाया नहीं प्रमाण प्रस्तुत करने उपरांत बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी भाग लेने हेतु शर्तें।

(1) ठेका साप्ताहिक शुक्रवार बाजार आवेदन शुल्क 200 अमानत 10000 ।शर्ते बोली में भाग लेने हेतु निर्धारित समस्त नियम एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा।

(2) किसी प्रकार की विवाद अथवा शिकायत की स्थिति में ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

बाजार नीलामी की शर्तें कार्यालय में कार्यालयीन कार्य दिवस व समयावधि में अवलोकन की जा सकती है।

अमानत राशि ग्राम पंचायत कार्यालय में 23/03/2026को 12 .00बजे तक अपरांह तक ही जमा किया जा सकेगा।

( पर्याप्त बोली एवं प्रतिस्पर्धा के अभाव में पुन: 27/03/2026को नीलामी की जावेंगी जिस हेतु पृथक से नीलामी सूचना का प्रकाशन नहीं कराया जाएगा। ग्रा.पं. डोंगाकोहारौद साफ सफाई, एवं लाइट, दशहरा एवं रौताही की व्यवस्था ठेका दार की होगी

**ग्राम पंचायत कार्यालय**
**डोंगाकोहारौद**

जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर**

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टेंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

# कोरबा पावर लिमिटेड में चल रही हड़ताल समाप्त, बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पताढ़ी स्थित कोरबा पावर लिमिटेड (अडानी) की विस्तार परियोजना 2गुना 660 एमडब्ल्यू में कार्यरत मजदूरों के द्वारा दैनिक वेतन वृद्धि, कार्य का निर्धारित न्युनतम अवधि, ओव्हरटाईम का पेमेंट, माह में 26 दिन कार्य, राष्ट्रीय अवकाश व अन्य मुद्दों को लेकर शनिवार से अपने कार्यक्षेत्र में अनुपस्थित रहकर काम बंद कर अपने ठेका कंपनी के कार्यालय के पास अपनी मांगों को मनवाने के उद्देश्य से सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए थे। जिस कारण संयंत्र विस्तार का काम विगत तीन दिनों से प्रभावित रहा।

मजदूरों का कोई प्रतिनिधि मंडल नहीं होने से चर्चा नहीं हो पाने के कारण तीन दिनों तक काम प्रोजेक्ट विस्तार काम बंद रहा। इस कड़ी में जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए 16 मार्च को ही प्रशासन द्वारा चर्चा प्रारंभ कराया गया जो कि मंगलवार को जिला प्रशासन द्वारा मजदूरों के प्रतिनिधि मंडल ठेका कंपनी व उनके ठेकेदारों एवं प्रबंधन के प्रतिनिधि मंडल के मध्य संस्थान परिसर में बैठक आहुत की गई। बैठक में मजदूरों के प्रतिनिधि मंडल द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को रखा गया। जिसमें शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी दर संस्थान में लागू है, जिसका पालन किया जा रहा है, निर्धारित समय से अतिरिक्त अवधि तक कार्य करने वाले श्रमिकों को सामान्य मजदूरी से दोगुनी दर पर ओव्हरटाईम का भुगतान किया जाएगा, कार्य के दौरान दुर्घटना अथवा अप्रिय घटना होने की स्थिति में ईपीएफ अधिनियम अथवा लागू श्रम कानुनों के अनुसार वैधानिक मुआवजा प्रदान किया जाएगा, कार्यक्षेत्र में आवश्यकतानुसार शौचालयों की व्यवस्था, प्रत्येक वेतन अवधि में वेतन पर्ची प्रदान किया जाएगा व अन्य मांगों को भी श्रम कानुनों के अनुसार किया जाएगा। उपरोक्त मांगों पर श्रमिक प्रतिनिधी मंडल व ठेका कंपनी के मध्य सहमती बनी व 18 मार्च से सभी श्रमिक अपने काम पर लौटेंगे।



DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
- हड्डी एवं जोड़ों का दर्द - नसों का रोग
- त्वचा एवं बालों का रोग - स्त्री रोग - मानसिक रोग
- मूत्र संबंधी रोग - मधुमेह (डायबिटीज़) - नेत्र रोग
- किडनी संबंधी रोग - पेट संबंधी विकार - थायराइड
- अस्थमा - मोटापा - मांसपेशी का रोग
- मल द्वार रोग विशेषज्ञ


प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# द ग्रेट ग्रांड... का टीजर जारी, नए किरदार में नजर आए जैकी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो- एलियंस का आगमन' का टीजर रिलीज हो गया है। इसमें जैकी श्रॉफ सुपरहीरो के किरदार में नजर आए हैं। टीजर दर्शकों को बचपन के जादू और कल्पना की दुनिया में ले जाता है। एक मिनट सात केकंड के टीजर में दिखाया गया है कि एक बच्चा है जो स्कूल में पढ़ता है। उसे कुछ महीनों में स्कूल बदलना पड़ता है। वह यह बात किसी को नहीं बताता है। अगर किसी को यह बात पता चल गई, तो पृथ्वी पर हमला हो सकता है। इसकी वजह यह है कि उसके दादा खास हैं। उनके पास सुपरपावर है। टीजर के आखिर में नजर आता है कि लड़के के दादा का किरदार जैकी श्रॉफ ने किया है।

लाइफ Style



# तमन्ना

## गफूर सॉन्ग पर किया जबरदस्त डांस

एजेंसी ⏭ मुंबई

आर्यन खान की फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'के गाने 'गफूर' ने रिलीज के बाद से ही काफी सुर्खियां बटोरी थीं। जिसकी वजह है इस गाने में तमन्ना भाटिया का बोल्ड डांस। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें तमन्ना फिर से 'गफूर' गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं।

तमन्ना भाटिया का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में तमन्ना ने गुलाबी चमचमाती ड्रेस पहनी हुई है। यह किसी कार्यक्रम के दौरान का वीडियो लग रहा है, क्योंकि तमन्ना स्टेज पर डांस कर रही हैं और उनके पीछे कई जूनियर आर्टिस्ट भी उनके साथ ताल में ताल मिलाते नजर आ रही हैं। तमन्ना का 'गफूर' गाने पर यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स लगातार अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ तमन्ना के इस डांस को पसंद कर रहे हैं, तो कुछ यूजर्स उन्हें ट्रोल भी कर रहे हैं।कई यूजर्स ने लिखा- 'किस किस को ये बिल्कुल पसंद नहीं है'। 'इस गाने पर किस किस को फरहाना भट्ट का डांस याद आया'। मेरी पसंदीदा एक्ट्रेस। वाह वाह वाह क्या डांस किया है। कितनी खूबसूरत, तो वहीं कई फैंस ने तमन्ना के इस वीडियो पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी भी बनाएं हैं। फिल्म 'वीवनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धार्थ मलहोत्रा भी मुख्य भूमिका में होंगे। इस हॉरर फिल्म की कहानी पुराने जंगलों पर आधारित है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है।

हॉलीवुड मसाला



# ड्यून-3 की मिली पहली झलक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'ड्यून'के दोनों पार्ट्स ने अच्छा-खासा कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया था। इस फ्रैंचाइज की तीसरी कड़ी का इंतजार दर्शकों को काफी समय से है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म के कैरेक्टर्स से जुड़े कई फर्स्ट लुक शेयर किए हैं। इस फर्स्ट लुक में कई चर्चित किरदार नजर आए, जिन्हें नामी हॉलीवुड एक्टर्स ने निभाया है। मेकर्स ने एक्टर टिमोथी चालमेट से लेकर रॉबर्ट पैटिंसन के अलावा कई एक्टर्स के लुक शेयर किए हैं।



# ऑस्कर में पहुंचने से पहले बाल-बाल बचे निक-प्रियंका

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल पॉवर कपल निक जोनस और प्रियंका चोपड़ा ने ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी में भाग लेकर एक बार फिर फैंस की धड़कनें बढ़ा दीं। मगर इस आइकॉनिक मूमेंट के होने से ठीक पहले दोनों एक हादसे के शिकार होने से बचे। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड में प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस भी हिस्सा लेने पहुंचे थे। रेड कार्पेट पर जाने के लिए कपल काफी लेट था। ऐसे में दोनों को मेन गेट से अंदर तक जाने के लिए एक गोल्फ कार्ट तैयार थी। निक और प्रिंयका उसमें बैठे और जैसे ही ड्राइवर कार्ट को मोढ़ा तो उसका बैलेंस बिगड़ गया। इस दौरान गोल्फ कार्ट का एक पहिया जमीन से हवा में उठ गया। ऐसे में बैलेंस बनाने के लिए तुरंत निक और प्रियंका ने कार्ट को जोर से पकड़ा। ड्राइवर ने भी कुछ ही सेकेंड में कार्ट पर काबू पा लिया और हादसा टल गया।



# फैमिली संग बर्थडे मनाकर मुंबई लौटीं आलिया

**मुंबई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने 33वें जन्मदिन का जश्न विदेश में मनाया। वे परिवार के साथ हांगकांग पहुंचीं। मंगलवार को जब वे मुंबई आईं तो हमेशा की तरह पैप्स ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान रणबीर ने एक मजेदार सवाल किया। इस खूबसूरत जोड़ी को साथ देख हमेशा की तरह पैपराजी उन्हें कैमरे में कैद करने दौड़ पड़े। इस दौरान रणबीर कपूर ने मजेदार अंदाज में पैप्स से सवाल किया। रणबीर कपूर अपनी पत्नी आलिया का जन्मदिन सेलिब्रेट कर मुंबई लौट आए हैं। कपल को साथ देख पैपराजी भी वहां जुट गए और आलिया को जन्मदिन की बधाई देने लगे। इस दौरान रणबीर ने पैप्स से सवाल किया, 'केक नहीं लाए?' 'केक किधर है'? रणबीर के इस सवाल पर आलिया भी मुस्कुरा उठीं। साथ ही पैपराजी भी हंसने लगे।



# तुम चांद देख लेना का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सलमान खान की आगामी फिल्म का नाम हाल ही में 'मातृभूमिः में वॉर रेस्ट इन पीस' बताया गया है। पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' रखा गया था। मंगलवार को फिल्म का एक रोमांटिक गाना 'तुम चांद देख लेना' का टीजर जारी किया गया है। जिसमें सलमान और चित्रांगदा नजर आ रहे हैं। इस गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह के बीच एक ऐसे रोमांटिक पहलू को दिखाया गया है, जो इस फिल्म में इन दोनों की रोमांटिक प्रेम कहानी को बयां करता है। इस गाने में चित्रांगदा गुलाबी ड्रेस में सजी-धजी, सलमान का इंतजार करती हुई दिखाई दे रही हैं, जबकि सलमान खान पास ही में उनके सामने इस गाने पर डांस करते नजर आ रहे हैं, जिसके बैकग्राउंड में चमकता हुआ चांद दिखाई दे रहा है।

टीवी मसाला



# '24' सीजन 3 में अनिल फिर बनेंगे आईटीयू चीफ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर जहां एक ओर 'सूबेदार' में अपने एंग्री ओल्ड मैन वाले अंदाज को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, वहीं, उन्होंने एक्स पर कंफर्म किया है कि 10 साल बाद वह एक बार फिर से '24' सीजन 3 में जय सिंह राठौड़ बनकर लौट रहे हैं। एक फैन के 'सूबेदार' से जुड़े पोस्ट पर उन्होंने यह पुष्टि की है। 24, इसी नाम की अमेरिकी सीरीज का देसी रीमेक है, जिसका पहला सीजन 2013 में और फिर दूसरा सीजन 2016 में ऑन-एयर हुआ था। शो में अनिल कपूर का किरदार जय सिंह राठौड़, आईटीयू का चीफ है, जो अपने परिवार और देश को एक आतंकवादी हमलों से बचाने के लिए समय के विरुद्ध लड़ाई लड़ता है। दोनों सीजन में जय के पास केस को सुलझाने और दुश्मनों को पकड़ने के लिए 24 घंटे का वक्त रहता है। सीजन-3 की कहानी भी इसी तरह के प्लॉट पर आगे बढ़ेगी। अभिनय देव के डायरेक्शन में बनी इस सीरीज में साक्षी तंवर ने जय की बॉस मल्लिका सेन, सुरवीन चावला ने उनकी प्रेमिका माया और सिकंदर खेर ने हारून शेरचान की भूमिका निभाई थी। नील भूपालम ने आदित्य सिंघानिया का किरदार निभाया, जो देश के प्रधानमंत्री का था। हालांकि, अभी यह कंफर्म नहीं है कि सीजन-3 में इनमें से कितने किरदार पर्दे पर वापसी करेंगे। '24' सीजन 2 की कहानी में जय, एक आतंकवादी मास्टरमाइंड रोशन शेरचन (आशीष विद्यार्थी) और उसकी साथी शिवानी मलिक (साक्षी तंवर) को गिरफ्तार करवा लेता है।

## दुल्हन बनीं कृतिका को देख रो पड़े गौरव

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी का बेहद प्यारा वीडियो सामने आया है, जो चर्चा में है। कृतिका ने जब दुल्हन बन साड़ी में पापा संग एंट्री की, तो गौरव रो पड़े। उन्हें देख कृतिका हैरान रह गईं। वीडियो में कृतिका और गौरव की शादी की रस्मों और वरमाला की भी झलक है। शादी के बाद जहां कृतिका और गौरव ने तस्वीरें शेयर कर फैंस का दिल जीता, वहीं पपाराजी को मिठाइयां भी बांटी थीं। सोशल मीडिया अभी भी कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी की तस्वीरों-वीडियो से पटा पड़ा है। इसी बीच न्यूली वेड कपल ने शादी का बेहद प्यारा और इमोशनल वीडियो सामने आया है। इसमें गौरव कपूर दुल्हन बनीं कृतिका को देख रोते नजर आए। शेयर किए गए वेडिंग वीडियो में उन खास पलों और रस्मों की झलक दिखाई गई है, जो कृतिका कामरा और गौरव कपूर की शादी में हुईं।



# सरके चुनर तेरी गाने ने अश्लीलता की हदें पार की, बॉलीवुड पर लगे लगाम : कंगना

**मुंबई।** नोरा फतेही और संजय दत्त स्टारर फिल्म 'केडीः द डेविल' का गाना 'सरके चुनर तेरी सरके' रिलीज के बाद अपने आपत्तिजनक बोल और कोरियोग्राफी के कारण विवादों में घिर गया है। इस गाने के सेंसर बोर्ड से पास होने को लेकर भी विवाद है। अब अभिनेत्री और राजनेता कंगना रनौत ने भी इस गाने की कड़ी आलोचना करते हुए बॉलीवुड पर 'अश्लीलता' की हदें पार करने का आरोप लगाया है। कंगना ने कहा, 'बॉलीवुड ने अश्लीलता, हथकंडों और ध्यान आकर्षित करने के मामले में सारी हदें पार कर दी हैं। पूरा देश उनकी निंदा और आलोचना कर रहा है। लेकिन, मुझे नहीं लगता कि उन्हें कोई शर्म है। इस तरह की अश्लीलता और अभद्रता के प्रदर्शन पर और भी सख्ती बरतने की जरूरत है। मुझे लगता है कि बॉलीवुड पर कड़ी लगाम लगानी होगी। कंगना से पहले भी कई लोगों ने इस गाने के बोलों पर आपत्ति जताई है।





गायक अरमान मलिक ने भी गाने के बोल सुनकर हैरानी जताई। अपने एक्स अकाउंट पर उन्होंने कहा कि बोल सुनकर उन्हें वीडियो दोबारा देखना पड़ा, क्योंकि उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्या सुना है। कमर्शियल गानों में लिरिक्स का स्तर नए निचले स्तर पर पहुंच गया है। इस हद तक गिरते देखकर दुख होता है। 'सरके चुनर तेरी सरके' आगामी पैन इंडिया कन्नड़ फिल्म 'केडीः द डेविल' का हिस्सा है, जिसका निर्देशन प्रेम ने किया है। गीत की शुरुआती पंक्तियां दोहरे अर्थों वाली हैं, जिनमें यौन संबंध का काफी विस्तृत वर्णन किया गया है।

# आयुष्मान ने गाया साड्डी गली का नया वर्जन...

**मुंबई।** एक्टर-सिंगर आयुष्मान खुराना ने पुरानी यादों को ताजा करते हुए अपने मशहूर गाने 'साड्डी गली' का एक नया वर्जन रिलीज किया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आयुष्मान ने अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गिटार बजाते हुए इस नए वर्जन को गाते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए आयुष्मान ने लिखा 'पिछले कुछ दिनों से मैं देख रहा हूं कि आप में से बहुत से लोग मेरे म्यूजिक पर वीडियो बना रहे हैं और सोशल मीडिया पर अपनी यादें शेयर कर रहे हैं। इससे मुझे भी पुरानी बातें याद आ गईं, इसलिए मैंने 'साड्डी गली' का एक ऐसा अनसुना वर्जन शेयर करने का फैसला किया, जो ओरिजिनल गाने में शामिल नहीं हो पाया था।' एक्टर ने फैंस को यह भी हिंट दी कि इस साल वह और भी म्यूजिकल पीस लेकर आएंगे। उन्होंने कहा 'इस साल मैं और भी गाने गाऊंगा।' आयुष्मान का यह वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो देखकर कई फैंस खुश हुए और इसकी तारीफ की। आयुष्मान खुराना के गाने उनके फैंस के लिए पहली



पसंद रहे हैं। उनकी फिल्म 'विकी डोनर' के गाने 'पानी दा रंग' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। उन्होंने 'मिट्टी दी खुशबू', 'इक वारी', 'साड्डी गली' और ऐसे ही कई और गाने गाए हैं। आयुष्मान जल्द ही 'पति पत्नी और वो दो' में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई, 2026 को रिलीज होगी। आने वाली फिल्म में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, रकुल प्रीत सिंह और वामिका गब्बी लीड रोल में हैं। इसके निर्देशक मुदस्सर अजीज हैं।

## पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन में दिखाई गई है बदले की कहानी

# इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। इन दिनों सिनेमाघरों में कोई ऐसी बड़ी फिल्म नहीं है, जो दर्शकों को अपनी तरफ बुला सके। 19 मार्च को 'धुरंधर 2' बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इस बीच इस हफ्ते कई फिल्में और सीरीज ओटीटी पर रिलीज होने वाली हैं।*



**चिरैया :** दिव्या दत्ता और संजय मिश्रा की अदाकारी वाली वेब सीरीज 'चिरैया' 20 मार्च को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। दर्शकों को इसका ट्रेलर पसंद आया है। इसमें शादी और रजामंदी का मुद्दा उठाया गया है। इसमें टीनू आनंद, प्रसन्ना विष्ट, सिद्धार्थ शॉ, फैसल राशिद और सरिता जोशी जैसे कलाकार हैं।

**जैज सिटी :** टीवी सीरीज 'जैज सिटी' 19 मार्च को सोनी लिव पर दस्तक देगी। पॉलिटिकल थ्रिलर सीरीज बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान, 1971 के कलकत्ता की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसके निर्देशक, लेखक और निर्माता सौमिक सेन हैं। इसमें सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक, अनिरुद्ध गुप्ता और एलेक्जेंड्रा टेलर अहम भूमिकाओं में हैं।

**कासरगोड एंबेसी :** मलयालम वेब सीरीज 'कासरगोड एंबेसी' 20 मार्च से जी5 मलयालम पर स्ट्रीम होगी। सात एपिसोड वाली इस सीरीज में नकली पासपोर्ट बनाने वालों के रैकेट के बारे में दिखाया गया है। इसमें अबू सलीम, गोविंद पाई, कबीर दुहान, रॉनी डेविड और दीपक परमबोल जैसे कलाकार हैं। इसके निर्देशक आतिश एम नायर हैं।

**फ्यूरीज सीजन 2 :** वेब सीरीज 'फ्यूरीज सीजन 2' 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इसमें मुख्य कलाकार पेरिस में एक दमनकारी शासन से टकराएंगे। इसमें लीना अल अरबी, मरीना फोइस अहम किरदारों में होंगे। सीरीज का पहला सीजन नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**डेडलॉक :** वेब सीरीज 'डेडलॉक' का दूसरा सीजन 20 मार्च 2026 को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगा। इसमें छह एपिसोड होंगे। यह जासूसी सीरीज है। इसमें केट बॉक्स, मैडलीन सामी, नीना ओयामा, और एलिसिया गार्डिनर अहम किरदारों में हैं।

**पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन :** 'पीकी ब्लाइंडर्सः द इम्मोर्टल मैन' एक ब्रिटिश फिल्म है। इसमें बदले की कहानी दिखाई गई है। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसके निर्देशक टॉम हारपर हैं। इसमें किलियन मर्फी, रेबेका फर्ग्यूसन, टिम रोथ, स्टीफेन ग्राहम, और सोफी रंडल अहम किरदारों में होंगे।

### द राइज ऑफ द रेड हॉट चिली पेपर्सः अवर ब्रॉदर, हिलेल

93 मिनट की यह डॉक्यूमेंट्री रेड हॉट चिली पेपर्स के शुरुआती वर्षों और मूल गिटारिस्ट हिलेल स्लोवाक के प्रभाव को दर्शाती है। उनकी 1988 में ड्रग की ओवरडोज से मृत्यु हो गई थी। यह 20 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***इंपरफेक्ट वुमन :*** *'इंपरफेक्ट वुमन' साइकोलोजिकल थ्रिलर टीवी सीरीज है, जो 18 मार्च को एप्पल टीवी पर स्ट्रीम होगी। इसमें दिखाया गया है कि एक अपराध का वर्षों पुरानी दोस्ती पर असर पड़ता है। यह सीरीज अरामिंटा हॉल के नॉवेल 'इंपरफेक्ट वुमन' पर आधारित है। इसमें एलिजाबेथ मॉस, केरी वॉशिंगटन, केट मारा, जोएल किन्नामन और कोरी स्टॉल अहम किरदारों में होंगी।*

***रेडियोएक्टिव इमरजेंसी :*** *'रेडियोएक्टिव इमरजेंसी' एक ब्राजीलियन डॉक्यूड्रामा सीरीज है। यह 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। यह 1987 में ब्राजील में हुई रेडियोधर्मी दुर्घटना का नाटकीय रूपांतरण है। इसमें जॉनी मासारो, पाउलो गोर्गुल्हो, तुका एंड्राडा और एंटोनियो सबोइया अहम किरदारों में हैं।*

***अमोर एनिमल :*** *वेब सीरीज 'अमोर एनिमल' एक अर्जेंटीनाई रोमांटिक ड्रामा सीरीज है। यह 20 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। इसमें एक गरीब आर्टिस्ट और एक अमीर लड़की की कहानी दिखाई गई है। इसमें तात्याना गिलकमैन, फ्रैंको मासिनी, सैंटियागो अचागा, वैलेंटिना जेनेरे और ओलिविया नस जैसे कलाकार हैं।*

## खबर संक्षेप

### नवरात्रि पर व्यापारी सेवा समिति ने शुरू किया सार्वजनिक प्याऊ




**राहौद।** चैत्र नवरात्रि पर व्यापारी सेवा समिति, राहौद द्वारा फिल्टर युक्त वाटर कूलर का शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए शुरू की गई इस पहल से राहगीरों, आम नागरिकों एवं पशु-पक्षियों को बड़ी राहत मिलेगी।नगर के प्रमुख स्थल एस.के. कॉम्प्लेक्स, आलोक मोबाइल के पास स्थापित इस प्याऊ का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि व्यापारी सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष गर्मी के मौसम में इस प्रकार की व्यवस्था की जाती है, जिससे राहगीरों, मजदूरों एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही गौ माता एवं अन्य पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की समुचित व्यवस्था की जा रही है।उन्होंने कहा कि नवरात्रि जैसे पावन पर्व पर इस सेवा कार्य की शुरुआत करना समाज के प्रति समर्पण और सेवा भावना का प्रतीक है। समिति द्वारा आगे भी नगर के विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार के जनहित कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

### श्रम विभाग में लाभ के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य, बिना सत्यापन नहीं होगा पंजीयन

**सक्ती।** श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिकों एवं नए आवेदकों के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 1 जनवरी से पंजीकरण हेतु प्राप्त होने वाले समस्त आवेदनों का निराकरण ई-केवाईसी पूर्ण होने के पश्चात ही किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया गया है कि पंजीयन के समय आधार क्रमांक दर्ज करना अनिवार्य होगा तथा पीडीएस में उपलब्ध आधार से संबंधित जानकारी का सत्यापन आवेदक द्वारा किया जाएगा। जिन श्रमिकों एवं आवेदकों की ई-केवाईसी अब तक पूर्ण नहीं हुई है, उनसे अपील की गई है कि वे शीघ्र अपने नजदीकी श्रम संसाधन केंद्र अथवा श्रम विभाग कार्यालय में आधार कार्ड की मूल प्रति के साथ ई-केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराएं, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर एवं पारदर्शी रूप से प्राप्त हो सके।

### ओमशंकर व योगेश का नवोदय विद्यालय चिस्दा में हुआ चयन

**अकलतरा।** नवोदय विद्यालय समिति ने कक्षा 6





के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रथम चरण की चयन सूची जारी कर दिया है। जिसमें अकलतरा ब्लाक के शासकीय प्राथमिक शाला देव किरारी से दो छात्रओमशंकर कश्यप पिता अशोक कुमार कश्यप सरपंच किरारी, योगेश बिंद पिता गणेश बिंद का चयन नवोदय विद्यालय चिस्दा के लिए हुआ है। गौरतलब है कि शासकीय प्राथमिक शाला देव किरारी से अभिलाषा कश्यप का 2014 में नवोदय विद्यालय के लिए चयन हुआ था। प्रतिवर्ष विद्यार्थियों के नवोदय विद्यालय में चयन के पीछे स्कूल के शिक्षक थानेश्वर प्रसाद साहू हैं जो कठिन मेहनत करके स्कूल में एक घंटा एक्स्ट्रा क्लास लेकर बच्चों को पढ़ाया करते हैं। साथ ही श्रीमती करुणा यादव ,श्रीमती नीलिमा दुबे ,गोपाल नामदेव ,ओम प्रकाश यादव, श्रीमती जमुना पटेल, श्रीमती मीना श्याम ,कुलदीप कुंभकार सहित पूरे स्टाफ का विशेष सहयोग रहता है। नवोदय विद्यालय में छात्रों का चयन होने पर शिक्षण समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद साहू ,पूर्व शिक्षक समिति अध्यक्ष कमल कश्यप , सरपंच अशोक कश्यप, प्राचार्य श्रीमती अंजुला सोनी, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक , प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नगर के अमित अनंत युवा मोर्चा पामगढ़ मंडल में बने उपाध्यक्ष

**राहौद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव , संगठन



महामंत्री पवन साय, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया, जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा पामगढ़ मंडल कार्यकारिणी की घोषणा किया गया। जिसमें नगर पंचायत राहौद निवासी अमित कुमार अनंत को युवा मोर्चा पामगढ़ मंडल में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। अमित लंबे समय से छात्र राजनीति में सक्रिय रहे हैं। वे वर्तमान में नगर पंचायत राहौद के वार्ड क्रमांक 5 से पार्षद व राजस्व व हाट बाजार के सभापति है। श्री अनंत बीजेपी के जिला कार्यसमिति सदस्य भी है। इस नियुक्ति से ईष्ट मित्रों, पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने नवीन कुमार

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई



द्वारा संगठन को विस्तार देने के उद्देश्य से मछुआरा प्रकोष्ठ का गठन जिले में किया गया है। जिसके तहत नवीन कुमार धीवर को मछुआरा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक बनाया गया है। उनकी इस नियुक्ति से मछुआरा समिति के पदाधिकारी में हर्ष व्याप्त है। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में मछुआरा समिति प्रकोष्ठ के संगठन का विस्तार के साथ-साथ संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की जाएगी। श्री धीवर के मछुआरा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बनने से मछुआरा समिति के पदाधिकारी में हर्ष व्याप्त है। आने वाले दिनों में और भी विस्तार किया जाएगा।

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामलों पर त्वरित निराकरण की मांग

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की पहल करने की बात कही है।

ज्ञात हो कि बुधवार 18 मार्च को चतुर्थ चरण आंदोलन के तहत जिले में कर्मचारी-अधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जिला स्तर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने भोजनावकाश के समय अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद करते हुए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इसी क्रम में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार, जिला महासचिव अर्जुनसिंह क्षत्रीय, जिला सह संयोजक व्ही.के. पैगवार, प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र राठौर, धर्मेन्द्र यादव, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, भुवनेश्वर देवांगन, विकास सिंह, फिरत किरण, राधेश्याम कंवर निधिलता जायसवाल,यू एस राठिया, नरेंद्र सिंह,एच एस सोनी, सुभाष थवाईत, राजेन्द्र जायसवाल, राजीव नयन शुक्ला,शत्रुहन राठौर, प्रवीण राठौर, जगन्नाथ श्रीवास, मदन लाल, लक्ष्मीनारायण तिवारी, जय तिवारी सहित कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के पदाधिकारी।

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जन्मेजय महोबे को सौंपा। ज्ञापन में फेडरेशन ने प्रमुख रूप से जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, 8-16-24-32 वर्ष में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान लागू करने, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने, विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने तथा शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

### सीएम के नाम फेडरेशन ने सौंपा मांग पत्र

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती ने 11 सूत्रीय मांगो को लेकर बुधवार 18 मार्च को कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छ.ग. शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज ने बताया कि मांगो में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष में प्रदान करने, तथा मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिवस करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही फेडरेशन ने लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त सेवा लाभ देने, तथा सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, संरक्षक विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, गुरुप्रसाद जायसवाल, मुरलीधर तम्बोली, कार्यकारी जिला संयोजक राधेश्याम साहू, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खुंटे, जिला महासचिव डॉ. रजनी पटेल, जिला उपसंयोजक विकास चौबे, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी आदि शामिल रहे।

### मांगों को लेकर कर्मचारी संघ ने तहसील में किया प्रदर्शन

**अकलतरा।** छ ग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन तहसील शाखा अकलतरा के समस्त कर्मचारी अधिकारी द्वारा एसडीएम कार्यालय में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे प्रदेशभर के समस्त शासकीय सेवकों के द्वारा फेडरेशन के प्रथम चरण आंदोलन 16 जुलाई 2025 के दौरान जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को फेडरेशन के 11 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया था। छ ग सरकार द्वारा प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को ₹मोदी की गारंटी₹ के तहत विभिन्न मांगो को लेकर छ ग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के उपरांत लगातार पत्राचार किया गया परंतु आज पर्यन्त तक उनके मांगो का निराकरण नहीं किया गया है जिससे प्रदेशभर के शासकीय कर्मचारी अधिकारी आक्रोशित हैं। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के 132 मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त संगठनों के द्वारा अपने चतुर्थ चरण के आंदोलन के तहत आज 18 मार्च को तहसील संयोजक पुष्पराज सिंह चंदेल के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कार्यक्रम में जयंत सिंह क्षत्रिय प्रवीण दुबे ,रामशरण सिंगसर्वा , ओमप्रकाश राठौर , ईश्वरी कश्यप , हितेश तिवारी ,अविनाश खांडेल ,जीतराम कंवर, अर्जुन झाड़े, गरीबलाल नायक, वीरेंद्र शांडिल्य ,संतोष ध्रुव सहित अन्य विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।




## जिले की विभिन्न समस्याओं को लेकर कामरेड संगठन ने सौंपा मांग पत्र

### किसानों के हितों को आगे लाने करेंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद सक्ती की बैठक पार्टी संगठन के काम काज में कसावट लाने और जिले की अनेक तथा पार्टी के ब्रांचों की जन समस्याओं को शासन व उच्च अधिकारियों तक ले जाने हेतु जन आंदोलन खड़ा करने के फैसले के साथ सम्पन्न हुआ ।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला परिषद की बैठक राष्ट्रीय परिषद सदस्य कामरेड लाखन सिंह अधिवक्ता के मार्ग दर्शन में प्रारंभ हुआ बैठक के संचालन के लिए अध्यक्ष मंडल का गठन किया गया। जिसमें कामरेड ननकी दाऊ चंद्रा .कामरेड हेमलाल देवांगन कामरेड अनिल शर्मा शामिल थे। इसके पश्चात पार्टी के जिला सचिव कामरेड अनिल शर्मा ने पार्टी संगठन के गतिविधियों पर रिपोर्ट सदस्यों व कार्यकत्ताओं के बीच प्रस्तुत किया। ब्रांचों के सदस्यों के जन हित के मागों के लिए धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन जिले के च्च अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा गया। राजाभाठा लवसरा तथा बर पाली दमऊ दहरा क्षेत्र के गरीबों भूमि हीनों द्वारा काबिज जंगल जमीन का पट्टा काबिजों को मिलने. राजा भाठा के काबिज जंगल जमीन तक सिंचाई हेतु बिजली लाईन दिलाने, जेठा में नया धान खरीदी मंडी खोलने और हायर सेकेन्ड्री स्कूल खोलने तथा जेठा रेल स्टापेज मे रात्रि कालीन सवारी गाडी रोके जाने, नवागांव में अलग नया पंचायत बनाने व धान मंडी खोलने बोरदा में पुराने कोतरी नाला पुल की जगह ऊचां पुल बनाने व माध्यमिक स्कूल खोलने, ठठारी को नगर पंचायत का दर्जा देने, ठठारी में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा खोलने व अंग्रेजी माध्यम की आत्मानंद स्कूल खोलने सहित अन्य मांगे रखी गई।

## सेवा को मिला सम्मान शहीद भगत सिंह सम्मान से सम्मानित हुए महेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

गरीब वर्ग के सिकलिंग,थैलीसिमिया व जरूरतमंद मरीजो को समय में निरंतर रक्त उपलब्ध कराने एवं जीते जीते जी रक्तदान, जाते जाते नेत्र व देहदान के विगत 9 वर्षो से कार्यरत रक्तदाता क्रांति समूह की स्थापना कर निरंतर से सेवा कार्य में समर्पित महेश कुमार राठौर व त्रिलोकी साहू को शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गयाजी के द्वारा 15 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय रक्तदाता अधिवेशन में भारत के सच्चे पुत्र देशभक्त चंद्रशेखर आजाद के भतीजे अमित आजाद, अरुण शुक्ल, फौजी महेश द्वारा "शहीद भगत सिंह सम्मान" से सम्मानित किया गया।

महेश कुमार राठौर ने बताया की अमित आजाद के द्वारा अधिवेशन में भारत के अलग अलग राज्यों से पहुचे रक्तदाता एवं समाजसेवी संठगन को संबोधित करते हुएउन्होंने कहा कि हमारे देश को आजाद करने के लिए कितने देशभक्तों ने अपनी प्राण की आहुति दी, वो सच्चे देशभक्त है और



महेश राठौर को सम्मानित करते अतिथि।

आप लोग जरुरतमंद मरीजो के लिए रक्तदान कर उनकी जान बचा रहे है यह भी एक सच्ची देशभक्ति है, आप लोग अपने शरीर के रक्त को निकलवाकर किसी के प्राण रक्षा में कार्य कर रहे है ये कोई छोटी मोटी देशभक्ति नहीं है यही तो सच्ची देशभक्ति है आगे उन्होंने कहा की हमारा मुख्य उद्देश्य हर घर में एक रक्तदानी तैयार कर रक्तदान की संस्कृति को मजबूत करना है शहीद भगत सिंह सम्मान" प्राप्त करने लिए अशोक तिवारी, चन्द्रकुमार राठौर, रिंकू अग्रवाल, मयंक शुक्ला, प्रफुल पाण्डेय, नीलमणी गुरुदिवान, दीपक यादव, जितेन्द्र देवांगन, मनीष राठौर, सीमा राठौर, ज्योति श्रीवास, अमर महंत, लोमश बरेठ, नरेद्र साहू, स्पेंद्र मिरी, खुशवंत खांडे, अरविन्द कुमार सारथी, भुनेश्वर पटेल, संतोष साहू, रामनाथ साहू आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## भक्त माता कर्मा साहू समाज की हैं कुलदेवी -राजकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि भक्त मां कर्मा जयंती का आयोजन ग्राम बर्रा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति एवं भाजपा पि.वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं समाज के संयोजक प्रदेश साहू संघ व्यापार प्रकोष्ट राजकुमार साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दशरथ साहू अध्यक्ष साहू संघ परिक्षेत्र किरीत कर रहे थे। प्रमुख अतिथि के रूप में नेहा-रामचरण साहू जि.पं. सदस्य एवं पूर्व तह अध्यक्ष साहू संघ नवागढ़, नरेन्द्र कौशिक भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जांजगीर-चाम्पा, सुभद्रा संतोष साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ जांजगीर-चाम्पा मौजूद थे। साथ ही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि




समाज के लोगों को सम्मानित करते सभापति राजकुमार साहू।

के रूप में सुमन कुमार बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत भठली मंचस्थ थे। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू ने उपस्थित समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आराध्य देवी माता कर्मा हमारे साहू समाज की कुलदेवी और आराध्य है। उन्होंने माता के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि 17 वीं शताब्दी की एक महान कृष्ण भक्त थीं। उनका जन्म राजस्थान के नागौर जिले के कालवा गांव में हुआ था।उनकी भक्ति इतनी निश्छल और गहरी थी कि स्वयं भगवान श्रीकृष्ण उनके हाथों से बनी खिचड़ी खाने आए थे। इस अवसर जीवन लाल साहू , पदम साहू , मनी राम साहू , रागिनी साहू ,राजेंद्र कश्यप सहित ग्राम बर्रा के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नवा रायपुर में नवीन विधानसभा भवन का किया भ्रमण



**अकलतरा।** विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नवा रायपुर स्थित नवीन विधानसभा भवन का भ्रमण किया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने सदन की कार्यवाही को नजदीक से देखा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझा।

कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को विधानसभा परिसर का भ्रमण कराया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए छत्तीसगढ़ की संसदीय परंपराओं, विधायी कार्यप्रणाली एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी दी।विधायक श्री सिंह ने बताया कि वे लगातार हर विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र के लोगों को विधानसभा भ्रमण कराते आ रहे हैं।

इस पहल के अंतर्गत स्कूली छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल होकर लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझते रहे हैं।इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने विधानसभा की कार्यवाही को देख अपने अनुभव साझा किए और इस पहल की सराहना की।

## अग्रवाल सभा की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ सर्वसम्मति से नए सत्र के लिए श्याम सुंदर चुने गए अध्यक्ष

अग्रवाल सभा शक्ति की महत्वपूर्ण बैठक 17 मार्च को हटरी धर्मशाला शक्ति में आयोजित की गई। जिसमें नए सत्र के लिए अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया से उपस्थित समाज बंधुओ को अवगत कराया गया। जिसमें सर्वसम्मति से नए सत्र के लिए पुनः श्यामसुंदर अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया।

गौरतलब है कि श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि आज शक्ति में अग्रवाल सभा के संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी के सहयोग से उन्होंने कार्य किया है। तथा आने वाले दिनों में संगठन को मजबूत बनाते हुए अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन जी द्वारा बताए गए सेवा एवं रचनात्मक कार्यों को गति प्रदान करेंगे तथा उनका अध्यक्ष चुने जाने पर उपस्थित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि के माध्यम से उनका स्वागत किया तथा अग्रवाल सभा शक्ति के पूर्व अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल। गोविंद राम कथूरिया एवं आनंद अग्रवाल ने उनका रोली तिलक लगाकर तथा अग्रसेन दुपट्टा एवं मोती की माला बनाकर उनका स्वागत किया बैठक के दौरान रायपुर में चार एवं 5 अप्रैल को आयोजित वैवाहिक परिचय सम्मेलन को लेकर भी अधिक से अधिक संख्या में रायपुर जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में शहर में प्रत्येक 15 दिनों में महीने के द्वितीय एवं चतुर्थ रविवार को अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक यूवतियों के संबंध तय करवाने की दिशा में बायोडाटा सेंटर प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। जिसमें बायोडाटा सेंटर का संचालन शहर के स्टेशन रोड में स्थित होटल गिरिराज रेन बसेरा में होगा। जिसमें सदस्यों की समिति बनाई गई है। जो कि प्रत्येक निर्धारित तिथि एवं दिन में वहां बैठकर इस कार्य को गति देगी जिसमें प्रमुख रूप से रामावतार अग्रवाल अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, सुरेश अग्रवाल, अशोक खेतान, मुकेश अग्रवाल एवं हरिओम अग्रवाल शामिल हैं।

### एसबीआई के एटीएम में एसी की सुविधा नहीं, उपभोक्ताओं को परेशानी

**नवागढ़।** नवागढ़ में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की एटीएम में एसी सुविधा नहीं होने से ग्राहकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एटीएम के कक्ष में लगे एयरकंडीशनर मात्र शो पीस बनकर रह गया है जबकि सेवा प्रदाता कंपनी स्टेट बैंक प्रबंधन से ग्राहकों के सुविधा के नाम पर किराया वसूल करती है। भारतीय स्टेट बैंक प्रबंधन के उच्चाधिकारी इस समस्या पर शीघ्र ध्यान देकर एटीएम कक्ष में सुविधा प्रदान करना चाहिए। ताकि बैंक के उपभोक्ताओं को सुविधा मिल सके। एक तरफ बैंक द्वारा उपभोक्ताओं को सुविधा देने के नाम पर कई तरह की सेवा शुल्क ली जाती है। इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता।




### सिवनी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शिविर में महिलाओं ने निभाई अपनी सहभागिता

# नारी सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास की आधारशिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्राम सिवनी के पंचायत भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा विकासखंड स्तरीय 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' सह महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सभापति श्रीमती उमा राजेंद्र राठौर, जनपद पंचायत सभापति चूड़ामणि राठौर, सरपंच श्रीमती कृष्णकुमारी सिदार, उपसरपंच गोविंद राठौर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष भागवत साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान किशोरी बालिकाओं के लिए रंगोली एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता



जागृति शिविर में शामिल महिलाएं व जनप्रतिनिधि।

आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में नारी सशक्तिकरण, बालिका शिक्षा के महत्व तथा भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर जोर दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जिला पंचायत के सभापति उमा राजेन्द्र राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारी सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। महिलाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ एवं व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए पारंपरिक व्यंजन आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं, महिलाओं के अधिकारों से जुड़े कानूनी प्रावधान, जल संरक्षण, विश्व जल दिवस एवं क्षय रोग जैसे विषयों पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी श्रीमती जया पटेल ने किया।

